दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में

वर्ष :- 03 अंक :- 139 मुरादाबाद, 08 September 2023 (Friday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार

### महाकुंभ से पहले पूरे होने हैं 8 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट कार्य, रिंग रोड समेत इन कार्यों की तेज होगी निगरानी

महाकुंभ के लगभग आठ हजार करोड़ के प्रोजेक्ट की प्रगति की अब प्रतिदिन समीक्षा होगी। प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट तैयार होगी जिसे शासन को भेजा जाएगा। बड़ी परियोजनाओं के कार्य शुरू कराने को अब अफसर कैंप करेंगे। गुरुवार को हफ्तेभर के लिए कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद भी आ जाएंगे। कार्य जल्द शुरू कराने के लिए मेलाधिकारी विजय किरन आनंद और उनकी अफसरों की टीम अब कैंप करेगी। महाकुंभ के लगभग आठ हजार करोड़ के प्रोजेक्ट की प्रगति की अब प्रतिदिन समीक्षा होगी। प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट तैयार होगी, जिसे शासन को भेजा जाएगा। बड़ी परियोजनाओं के कार्य शुरू कराने को अब अफसर कैंप करेंगे।गुरुवार को हफ्तेभर के लिए कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद भी आ जाएंगे। महाकुंभ 2025 को लेकर बड़ी परियोजनाओं के कार्य जल्द शुरू कराने के लिए मेलाधिकारी विजय किरन आनंद और उनकी अफसरों की टीम अब कैंप करेगी। इन कार्यों की होगी समीक्षा- इस दौरान रिंग रोड, सड़क की प्रमुख सड़कों, चौराहों, आरओबी, डिजिटल कुंभ म्यूजियम, रोपवे, रिवर फ्रंट टाइप रोड्स, प्रयागराज-रायबरेली हाईवे फोरलेन, फाफामऊ सिक्सलेन ब्रिज समेत अन्य बड़े प्रोजेक्ट के कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी करेंगे। जिन परियोजनाओं के लिए सेना से जमीन ली जानी है, उसके लिए सैन्य अफसरों से बैठक भी करेंगे। इसके अलावा रेलवे, भारतीय जलमार्ग प्राधिकरण, एयरपोर्ट अधिकारियों के साथ भी महत्वपूर्ण बैठकें होंगी। कुंभ मेलाधिकारी ने बताया कि जोदीर्घकालीन परियोजनाएं चल रही हैं, तेजी लाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे। इसके अलावा जो प्रोजेक्ट अभी किसी वजह से नहीं शुरू हो सके हैं, उन्हें इसी हफ्ते आरंभ कराने की कोशिश की जाएगी। खासतौर पर जमीन के चलते अटकी परियोजनाओं पर ज्यादा जोर रहेगा।

## पूरे देश में जन्माष्टमी की धूम, राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने देशवासियों को कृष्ण जन्मोत्सव की बधाई दी



पूरे देश में जन्माष्टमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिरों में भगवान श्री कृष्ण के दर्शन करने के लिए भक्त सुबह से ही लाइनों में लगे हुए हैं। कृष्ण की जन्मभूमि मथुरा से लेकर देशभर के इस्कॉन मंदिरों में ठाकुर जी की मंगला और तुलसी आरती शुरू हो गई है। इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं कृष्ण दर्शन के लिए मथुरा पहुंचे लाखों भक्त - पूरे देश में जन्माष्टमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिरों में भगवान श्री कृष्ण के दर्शन करने के लिए भक्त सुबह से ही लाइनों में लगे हुए हैं। कृष्ण की जन्मभूमि मथुरा से लेकर देशभर के इस्कॉन मंदिरों में ठाकुर जी की मंगला और तुलसी आरती शुरू हो गई है। इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी हैं।उन्होंने एक्स पर ट्वीट करके कहा, मैं सभी देशवासियों को जन्माष्टमी के पावन पर्व की बधाई देती हूं। जन्माष्टमी का त्योहार हमें भगवान श्रीकृष्ण के गीता के उपदेश को समझने, अमल में लाने और निष्काम कर्म करने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीकृष्ण ने पूरी मानवता को धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। आइए, इस शुभ अवसर पर हम जन-कल्याण की भावना के साथ आगे बढ़ें और अपने समाज और राष्ट्र को समृद्ध बनाएं।पीएम मोदी ने बधाई दी- इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों को जन्माष्टमी की बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर कहा, जन्माष्टमी की बहुत-बहुत बधाई। श्रद्धा और भक्ति का यह पावन अवसर मेरे सभी परिवारजनों के जीवन में नई ऊर्जा और नए उत्साह का संचार करे, यही कामना है। जय श्रीकृष्ण!बाजारों में लोग भगवान कृष्ण और राधा के श्रृंगार से संबंधित सामानों की जमकर खरीददारी कर रहे हैं।

## मैनपुरी पहुंचे सपा महासचिव शिवपाल यादव: बोले- ओपी राजभर सबसे बड़े बहरूपिया, 'INDIA' से घबरा गई है भाजपा




उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव पहुंचे। आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उन्होंने घोसी उपचुनाव से लेकर आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्ष पर जमकर हमला बोला। ओपी राजभर द्वारा उनके भाजपा में शामिल होने को बयान पर भी उन्होंने जवाब दिया। मैनपुरी पहुंचे सपा महासचिव शिवपाल यादव ने कहा कि ओपी राजभर सबसे बड़े बहरूपिया हैं। लोकसभा चुनाव पर बोले कि भाजपा 'INDIA' से घबरा गई है। उन्होंने कहा कि ओपी राजभर सबसे बड़े बहरूपिया हैं। उनमें स्थायित्व नहीं है। उनके द्वारा दिए गए किसी बयान को लोग गंभीरता से नहीं लेते हैं। कहा कि घोसी उपचुनाव में मतदाताओं ने भाजपा को पूरी तरह नगर दिया है। चुनाव परिणाम यह बात साबित कर देगा। उन्होंने कहा कि इंडिया से भाजपा घबरा गई है।इंडिया का नाम बदलकर भारत करना भाजपा की गंदी सोच है। भाजपा चुनाव जीतने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। कुछ भी कर सकती है। भाजपा सरकार ने चुनाव के समय किया गया कोई भी वादा पूरा नहीं किया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा का जाना पूरी तरह से तय है।

## अपनी जात में खोजकर शादी करेंगे, लेकिन गिनती नहीं कराएंगे..., जातीय गणना के विरोधियों पर तेजस्वी का तंज



बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने गुरुवार को एक्स पर एक पोस्ट कर जातीय आधारित गणना का विरोध करने वालों को घेरा। तेजस्वी ने कहा कि वो शादी अपनी ही जाति में करेंगे लेकिन जातिवादी नहीं कहलाएंगे। जातीय सेना बना जातीय सम्मेलन आयोजित करेंगे लेकिन अपनी जाति नहीं गिनवाएंगे। हम लोग जो दूसरी जाति/धर्म में शादी करते है किसी जातीय सम्मेलन में नहीं जाते...बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव गुरुवार को जातीय गणना को लेकर भाजपा को घेरा। तेजस्वी ने जातीय गणना का विरोध करने वालों पर निशाना साधते हुए कहा कि शादी अपनी ही जाति में करेंगे, लेकिन अपनी जाति का गिनती नहीं करानी है इनको, मैं पूछता हूं क्यों भाई, किस बात का डर है?डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने गुरुवार सुबह एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसके साथ कैप्शन में लिखा कि वो शादी अपनी ही जाति में करेंगे, लेकिन जातिवादी नहीं कहलाएंगे। जातीय सेना बना जातीय सम्मेलन आयोजित करेंगे, लेकिन अपनी जाति नहीं गिनवाएंगे।हम लोग जो दूसरी जाति/धर्म में शादी करते है, किसी जातीय सम्मेलन में नहीं जाते, समता और सामाजिक न्याय की बात करते है, उन्हें ये जातिवादी लगता है। तेजस्वी यादव वीडियो में कहते सुनाई पड़ते हैं, आप लोग ही बताइए- ये लोग शादी अपनी जाति में करते हैं, करते हैं कि नहीं करते! लेकिन ये फिर भी जातिवादी नहीं हैं। इनको शादी करनी है अपनी जाति में, लेकिन अपनी जाति की गिनती नहीं करानी है, क्यों भाई? किस बात का डर है? हमको बताया जाता है जातिवादी- राजद नेता तेजस्वी यादव ने आगे कहा, हम लोग अगर शादी दूसरी जाति में दूसरे धर्म में करें तो हम लोग जो है जातिवादी कहलाते हैं। हम लोग सबकी बराबरी की बात करें, सबका मान-सम्मान हो, ऊंच-नीच खत्म करने की बात करें तो लोग जातिवादी कहलाते हैं। इनके डिजाइन को हम सभी लोग समझ रहे हैं।

## बाराबंकी में दर्दनाक हादसा: यात्रियों को चीरती हुई बस के अंदर घुस गई सरिया, घायल बोले- अचानक विस्फोट हुआ और...




बाराबंकी के मसौली थाना क्षेत्र में बाराबंकी-बहराइच नेशनल हाईवे पर बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे सड़क किनारे खड़ी सरिया लदी डीसीएम में पीछे से आई बेकाबू बस घुस गई। इस भीषण हादसे में बस के परखच्चे उड़ गए और सरिया भी बसों की खिड़की तोड़ यात्रियों के शरीर में घुस गए। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बस में फंसे दो शवों व सात घायलों को निकाला गया। बाराबंकी-बहराइच हाईवे पर बुधवार रात सड़क हादसे की सूचना पाकर पुलिसकर्मी पहुंचे तो कुछ देर समझ में ही नहीं आया कि क्या करें। डीसीएम की सरिया लोगों को चीरती हुई बस के अंदर घुसी थी। चालक को होश तो था मगर वह भी घायल था। कड़ी मशक्कत के बाद भी अंदर फंसे लोग नहीं निकल पाए तो जेसीबी बुलाकर बस को कटवाना पड़ गया। इस दौरान करीब दो घंटे तक बाराबंकी-बहराइच हाईवे पर यातायात ठप रहा व जाम की हालात बने रहे। डीसीएम में गैरकानूनी तरीके से सरिया लदी थी जबकि बस भी डग्गामार है। गोंडा जिले के करनैलगंज के शुक्ला बस सर्विस की निजी बस लखनऊ से गोंडा के बीच सवारी ढोती है। बस करीब 35 से अधिक सवारियों को लेकर लखनऊ से निकली थी। पुलिस के अनुसार बाराबंकी से बस गोंडा की ओर चली तो बस में करीब 15 यात्री थे। यात्रियों को यह नहीं पता चल पाया कि डीसीएम चल रही थी कि सड़क किनारे खड़ी थी। घायल जुनैद के अनुसार अचानक मानो विस्फोट हो गया हो। डीसीएम से निकली सरिया बस के बायें हिस्से को चीरते हुए आगे बैठे लोगों के शरीर में धंस गईं। ड्राइवर की सीट और दाहिने तरफ का हिस्सा सुरक्षित होने के कारण अन्य यात्री हल्की-हल्की चोट खाकर बच गए। इन लोगों ने बस चालक की पिटाई की जिसे पुलिस ने अस्पताल भेजवाया। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि बस में 15 यात्री सवार होने की बात कही जा रही है।

### ग्रामीणों ने कहा- खड़ी नहीं थी डीसीएम, चालक ने नकारा

सीएचसी बड़ागांव लाए गए बस के घायल चालक करनैलगंज निवासी घनश्याम ने बताया कि डीसीएम खड़ी नहीं थी बल्कि सामने जा रही थी। अचानक ब्रेक लेने से बस डीसीएम में जा घुसी। हालांकि स्थानीय ग्रामीणों का कहना था कि डीसीएम शाम पांच बजे से खड़ी थी। एसपी ने बताया कि चलती डीसीएम में बस पीछे से टकराई। डीसीएम में ब्रेक अचानक क्यों लगे, इसकी जांच की जा रही है।

### सरिया लदी डीसीएम में घुसी बस के उड़े परखच्चे

आपको बता दें कि बाराबंकी के मसौली थाना क्षेत्र में बाराबंकी-बहराइच नेशनल हाईवे पर बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे सड़क किनारे खड़ी सरिया लदी डीसीएम में पीछे से आई बेकाबू बस घुस गई। इस भीषण हादसे में बस के परखच्चे उड़ गए और सरिया भी बसों की खिड़की तोड़ यात्रियों के शरीर में घुस गए। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बस में फंसे दो शवों व सात घायलों को निकाला गया। पुलिस के अनुसार बाराबंकी-बहराइच हाईवे पर मसौली थाना क्षेत्र में बिंदौरा गांव के पास डीसीएम संख्या यूपी 78 जीटी 6003 पंचर होने के बाद सड़क किनारे खड़ी थी। इस दौरान बाराबंकी की ओर से सवारी लेकर गोंडा जा रही करनैलगंज के शुक्ला बस सर्विस की तेज रफ्तार निजी बस संख्या यूपी 43-7025 पीछे से डीसीएम में पीछे से घुस गई। डीसीएम में लदी सैकड़ों सरिया बाहर की ओर निकली थी। टक्कर इतनी तेज थी कि डीसीएम की सरिया बस को चीरती हुई अंदर घुस गई। बताया जाता है कि उस समय बस में करीब 10 यात्री थे। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि पूरा हाईवे जाम था। पुलिस ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत कर सरिया के बीच फंसे दो शव निकलवाए, जबकि एक को तुरंत एंबुलेंस से केजीएमयू भेज दिया गया। छह अन्य घायलों को बड़ागांव सीएचसी भेजवाया गया। मृतकों में एक की पहचान बस के परिचालक गोंडा जिले के करनैलगंज थाने के कंजेमऊ निवासी अवधराज शुक्ल ( 44 ) के रूप में हुई। दूसरे मृतक की पहचान देर रात तक नहीं सकी। जिले के ही रामनगर थाना क्षेत्र के पिपरीपांव निवासी सुनील वर्मा ( 45 ), बरियारपुर गांव निवासी खादिम ( 55 ), शाकिर ( 32 ), लखरौरा गांव निवासी रिषभ ( 35 ), बदोसराय थाना क्षेत्र के मरकामऊ गांव निवासी जुनैद ( 30 ) गंभीर रूप से घायल हैं। इनमें सुनील वर्मा को लखनऊ रेफर किया गया है।

## संपादकीय Editorial

# Bharat i.e. India

The cultural and mythological name of our country is 'Bharat'. The name 'India' is also mentioned in the Constitution. It is written in the Preamble of the Constitution- 'India, that is Bharat, shall be called the Union of States'. This constitutional arrangement has continued. Bharat and India have been complementary names of our country, on which we should feel proud. India is chairing the G-20 countries and the summit will be held on September 9-10, in which heads of state or prime ministers of many countries will participate. Rashtrapati Bhavan has organized a dinner for the foreign guests on 9th September. It has been written in his invitation card – 'President of India….' Till now 'President of India' has been in vogue. However, there has also been a tradition of writing 'President of India' in Hindi. In addition, Prime Minister Modi is going to Indonesia to attend the ASEAN Summit. It has been written in this context – 'Prime Minister of India….' These new experiments are not wrong, but suddenly such a change has come to the fore, so it definitely looks strange and suspicious. What was the need for such a change? Does the Modi government plan to make important amendments to the constitution? Can the preamble of the constitution also be changed? The answers to these can be found during the special session of Parliament, but our roots, our identity and our cultural heritage lie in 'India'. The word 'Bharatam' finds mention in 'Vishnu Purana', 'Brahma Purana' and many other religious texts. But our country has also been addressed by names such as Aryavarta, Hind, Hindustan, Bharatkhand, Himvarsha, Jambudweep etc. No one had any objection. In the context of a petition in 2016, the Supreme Court had ruled that both India and Bharat would continue to be used. Citizens can use the name as per their wish and choice. Apart from 'Bharat', mythological stories are also associated with 'India'. Queen Indumati was the wife of King Aja of Ayodhya and the mother of King Dasaratha. When King Ram sat on the throne of Ayodhya, the name of grandmother Indumati was also prevalent in his period, which we call 'India' today. The name 'Bharat' was derived from the name of Bharat, the younger brother of King Rama. The legend also has it that the son of King Dushyant and Shakuntala was also named Bharata. Sage Kanva had blessed Bharat to become 'Chakravarti Samrat', so on his basis we became 'Bharat'. The 'Chakravarti son' of Rishabhdev ji, the first Tirthankar of Jainism, was the world-conquering emperor, hence the name of the country was 'Bharat'. There would be many such myths and beliefs, which have been revealing the cultural past of 'India', but after the independence of the country in 1947 when the constitution gained shape and acceptance, Article 1 mentioned 'India ie Bharat' Went. If the President and Prime Minister of the country have used the word 'India', then no protocol has been violated. In our 'National Anthem' 'Bharat Bhagya Vidhata' is written, then the word 'India' is written with many projects of the Government of India. The word 'India' is still attached to our central bank, higher educational institutions, hospitals, election commission etc. There is no decision and order to remove anyone. Then why the political hue and cry? In the country, the 'superhero of the century' Amitabh Bachchan and his MP-wife Jaya Bachchan have given their response on social media - 'Bharat Mata Ki Jai.' Introduction is considered. It is natural to have many reactions.

# MP Assembly Elections 2023.: Hopes and political stakes of election victory riding on new districts

In the last 40 days, he has announced 4 new districts in the state. Declaring Maihar as a new district by separating it from Satna district is its latest episode and since there is still about a month left for the assembly elections to be declared and the code of conduct to be imposed, it would not be surprising if four-five more new districts are declared. Madhya Pradesh Another election trick for BJP's return to power is the announcement of new districts. In this matter, State Chief Minister Shivraj Singh Chauhan is in a position to make a record. In the last 40 days, he has announced 4 new districts in the state. Declaring Maihar as a new district by separating it from Satna district is its latest episode and since there is still about a month left for the assembly elections to be declared and the code of conduct to be imposed, it would not be surprising if four-five more new districts are declared. Including Maihar, there are now 56 districts in Madhya Pradesh. Of these, 53 have been duly formed and the remaining 3 are in the process of formation. With so many districts, Madhya Pradesh has now become the second largest state in the country in terms of size as well as number of districts. Uttar Pradesh has the maximum number of 72 districts in the country while Goa has the least number of 2 districts. The importance of the district in the Indian administrative system is that it is the third link of the three-tier administration system in the country after the Center and the State and is the most important link from the point of view of ground implementation, that is why the District Collector has been given so much power that in a sense, he is the 'district'. Therefore, it is the wish of every IAS officer to enjoy the pleasure of showing power and administrative ability by becoming the Collector of the district at least once. However, formation of districts in any state is mainly an administrative process, for which the state government is fully authorized.

Politics of districts not only in MP but also in Rajasthan - By the way, Shivraj is not the only Chief Minister who does 'politics of new districts'. In Rajasthan, the Chief Minister of the Congress government Ashok Gehlot government has created 17 new districts in five years. Rajasthan ranks third in the country in terms of the number of districts. The same trick has been followed by Chief Minister Bhupesh Baghel in Congress-ruled Chhattisgarh. He has created 5 new districts in the state in the last five years, which has increased the number of districts to 33 even in a relatively small state like Chhattisgarh. Interestingly, most of the new districts that have been created in the state have names like trains. For example Mohla-Manpur-Ambagarh Chowki district. Khairagarh-Chhuikhadan-Gadai district or Manendragarh-Chirmiri-Bharatpur district. It is worth wondering how it would be used in common parlance. The real purpose of creating new districts is that the administration can easily reach the people and through it the government work can run smoothly and at a fast pace, because with the creation of a new district, communication facilities also increase automatically. However, nowadays creating a new district has become more of a political decision, because creating a separate district and uniting people by agitating for it is a process that gives direct political dividends. There is no doubt that due to their huge size, in many districts of Madhya Pradesh, there is a considerable distance between the villages and towns from the district headquarters. Most of the work of the local people is done from the district headquarters and the district headquarters being miles away causes inconvenience to the people. There is also an experience that in small districts, the administration can easily contact the common people and it is also easier to provide benefits of law and order and public welfare schemes of the government. Generally it is believed that creation of a new district at least creates sympathy among the people of that district towards the government creating the district, which can give favorable benefits in the elections. Therefore, among all the moves being made by Chief Minister Shivraj Singh to neutralize anti-incumbency, one of them is the formation of new districts. He will also be remembered as the CM who created the second highest number of new districts in the country during his 18-year tenure as Chief Minister. Now this Sehra is in the name of Ashok Gehlot. After separation of Chhattisgarh, a total of 45 districts were left in divided Madhya Pradesh, which has now increased to 56. This means that in 23 years, 11 new districts have been formed in the state and there is a demand for 15 more new districts. There can be only political appeasement behind keeping such long and difficult names of districts so that the people of any area do not feel that the name of their city does not figure anywhere in the nomenclature of the district. The real question here is whether the governments get or can get the desired electoral benefits by forming new districts? It is difficult to get a guaranteed answer to this, but it is certain that many districts in different states have been formed after a long political-social movement, so many will have to wait longer. There are also question marks regarding many districts. There is a three tier administrative system in India. These are Centre, State and District. Therefore, districts have their own importance, which are important units of administration at the grassroots level. However, the formation of districts is entirely in the hands of the state government. He only has to inform about it to the Central Government. As far as its political benefits are concerned, any newly formed district definitely fulfills the aspirations of the local people. Another important thing is that along with regional identity, preservation of limited sub-regional identity also happens through new districts. Apart from this, separate districts also matter from the point of view of political dominance of ministers and MLAs. ruling party In this too, who will run the district and whose views will the administration give heed to, this has been an important issue. In Madhya Pradesh, ministers are at loggerheads over this political issue. The new district also serves to transform this battle for political supremacy into a new appeasement. Apart from this, if a new district is formed after a long struggle, then a natural inclination towards the ruling party is automatically formed and there is every possibility of this getting converted into votes in the elections. From this point of view, the Chief Minister and BJP are hopeful that they will get adequate support from the new districts. However, nothing can be claimed about it. But this in itself strengthens the confidence of the people to fulfill their demands and earn political benefits through this. Yes, only the results will tell who will get its electoral benefits and how much.

# Property of political parties

Loknayak Jayaprakash Narayan, the pioneer of cleanliness and transparency in Indian politics, believed that the biggest reason for corruption in the country is the expensive elections. Loknayak Jayaprakash Narayan, the pioneer of cleanliness and transparency in Indian politics, believed that the biggest reason for corruption in the country is the expensive elections. Therefore, he was the chief architect of radical reforms in the election system. For this reason, he had kept election reform as the main demand of his movement which started in 1974. But JP was far away from the politics of power, due to which his own followers never listened to him and it even happened that in 1977, the Janata Party's Morarji Desai government, which came to power after defeating the Congress's Indira government, JP Throwing the report of the Tarkunde committee on election reforms in the wastebasket, a new Election Reforms Commission was formed. I am reminding this because Association for Democratic Reforms (ADR), a non-governmental organization campaigning for transparency in politics, in its recently published report, has published the details of the total accumulated cash assets of major national political parties of the country. . These figures are also recorded in the records of the Election Commission. The total cash deposited with the eight major parties of India is Rs 8829 crore. The ruling BJP has the maximum share of Rs 6046 crore in this. Congress has Rs 805 crore on the second number going much below this. The ruling Marxist party in Kerala is at number three with Rs 736 crore and sister Mayawati's Bahujan Samaj Party is at number four with a figure of Rs 691 crore. At number five is Trinamool Congress, the ruling party of Ms. Mamta Banerjee of Pt. Bengal with Rs.458 crores. There should be no surprise that BJP has the maximum amount because it is the ruling party of the center, so Dhanna Seth and the capitalists would like to be its favors just like they wanted in the Congress rule. The reason for the good donations to the ruling parties in the states can also be understood, but the most worrisome sign is that the parliamentarians have become billions and trillionaires from millionaires. There are twenty MPs from both sides in the Rajya Sabha whose assets are above one thousand crore rupees. Similar is the condition of the Lok Sabha. If the elected representatives of the poor people of India are billionaires, surely they will be the owners of India? This is the basic question to which JP used to draw attention and talk about making elections cheap. How can their representatives be billionaires in a country where 50 percent of the people survive by spending a maximum of Rs 1286 per month? This is a very serious question to which all the political parties of this country turn a blind eye and keep finding new ways to mislead people. If not today then tomorrow we will have to seriously consider this question, otherwise our democracy will be mortgaged to the capitalists. This is very bitter but true. The question is not which party is ruling but the real question is who is in the hands of the political parties? Here the question is not about opposition or support of the capitalists but about the purity and transparency of the election system through which the people of this country elect their representatives and hand over the reins of power to them.The ruling BJP has the maximum share of Rs 6046 crore in this. Congress has Rs 805 crore on the second number going much below this. The ruling Marxist party in Kerala is at number three with Rs 736 crore and sister Mayawati's Bahujan Samaj Party is at number four with a figure of Rs 691 crore. At number five is Trinamool Congress, the ruling party of Ms. Mamta Banerjee of Pt. Bengal with Rs.458 crores. There should be no surprise that BJP has the maximum amount because it is the ruling party of the center, so Dhanna Seth and the capitalists would like to be its favors just like they wanted in the Congress rule. The reason for the good donations to the ruling parties in the states can also be understood, but the most worrisome sign is that the parliamentarians have become billions and trillionaires from millionaires. There are twenty MPs from both sides in the Rajya Sabha whose assets are above one thousand crore rupees. Similar is the condition of the Lok Sabha. If the elected representatives of the poor people of India are billionaires, surely they will be the owners of India? This is the basic question to which JP used to draw attention and talk about making elections cheap. How can their representatives be billionaires in a country where 50 percent of the people survive by spending a maximum of Rs 1286 per month?

# मुरादाबाद हुआ गौरवान्वित : स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में देश में हासिल किया दूसरा स्थान, प्रदेश में पहले नंबर पर





मुरादाबाद- भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सभागार में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के हाथों पुरस्कार ग्रहण करते मुरादाबाद नगर निगम के नगर आयुक्त संजय चौहान और महापौर विनोद अग्रवाल स्वच्छ वायु सर्वेक्षण की रैंकिंग में मुरादाबाद नगर निगम को देश में दूसरा और और प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। गुरुवार को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अन्तर्राष्ट्रीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के हाथों प्रशस्ति पत्र और 50 लाख रुपये का चेक नगर आयुक्त संजय चौहान और महापौर विनोद अग्रवाल ने हासिल किया। पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से स्वच्छ वायु सर्वेक्षण के अन्तर्गत यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। पिछले साल मुरादाबाद नगर निगम की देश में पहली रैंक थी। लेकिन इस बार अंक बढ़ने के बावजूद रैंक दूसरी हासिल हुई। नगर आयुक्त संजय चौहान ने इसे महानगर के नागरिकों, नगर निगम के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों की मेहनत को समर्पित किया है।उन्होंने बताया कि पिछले बार मुरादाबाद नगर निगम को स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में 200 में से 176 अंक हासिल होने पर सबसे स्वच्छ वायु शहर की श्रेणी में पहला स्थान मिलने पर 75 लाख रुपये का ईनाम हासिल हुआ था। इस बार अंक बढ़कर 200 में से 186.2 मिला लेकिन अमरावती का रिवरफ्रंट प्रोजेक्ट पूरा होने के चलते उसे मुरादाबाद से आधा अंक अधिक 187 मिला। जिससे वह देश की रैंकिंग में पहले नंबर पर आ गया। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष और बेहतर अंक और रैंक लाने के लिए मिलकर कार्य करेंगे।

# नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...जयकारों से गूंजा मुरादाबाद



मुरादाबाद- श्रीकृष्ण का जन्म होते ही मंदिरों में बजे घंट-घड़ियाल, पूजा-अर्चना कर वितरित किया प्रसाद महानगर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव उल्लास और आस्था के साथ मनाया गया। सुबह से घरों और मंदिरों में पूजा-अर्चना होती रही। शाम होते ही मंदिर सतरंगी झालरों की रोशनी से जगमग हो गए। रात के 12=00 बजते ही हर ओर नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जयघोष के साथ घंट-घड़ियाल गूंजने लगे। श्रीकृष्ण के भजनों पर लोग आस्था में डूबे रहे। राधा-कृष्ण मंदिर में श्रीकृष्ण भगवान को दही और दूध से नहलाकर नए कपड़े पहनाकर पालने में झुलाया गया। भगवान को छप्पन भोग लगाए गए। लोगों ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर उपवास रखकर घर और मंदिरों में पूजा-अर्चना की। जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर श्रीकृष्ण की लीला का मंचन किया गया। महानगर के राधाकृष्ण मंदिर, मनोकामना श्री हनुमान मंदिर, पुलिस लाइन स्थित शिव मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर और दिव्य लोक आश्रम स्थित शिव मंदिर में भक्तों की लंबी कतार रही। सबसे ज्यादा भीड़ राधा-कृष्ण मंदिर में रही। रात के 12=00 बजे जैसे ही श्रीकृष्ण ने जन्म लिया मंदिरों में घंटे घड़ियाल बजने लगे। शंखनाद होने लगा।रेलवे हरथला कॉलोनी स्थित मनोकामना श्री हनुमान मंदिर में पालने में नंद लाला को झुलाती महिला। कान्हा के दर्शन करने के लिए भक्त आतुर रहे। भगवान श्रीकृष्ण को दूध दही से स्नान कराकर पालने में झूला झुलाया। सुंदर झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। महानगर के अन्य मंदिरों में भी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। जो लोग मंदिर नहीं गए उन्होंने अपने घर पर ही चंद्रमा को अर्घ्य देकर पूजा कर प्रसाद ग्रहण किया। सुरक्षा के लिए मंदिरों के आसपास पुलिस तैनात रही। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव गुरुवार को भी मनेगा। बुद्धि विहार के नीलकंठ महादेव मंदिर में सजे लड्डू गोपाल -मुरादाबाद। बुद्धि विहार फेज दो में नीलकंठ महादेव मंदिर बुधवार को जगमगा उठा। यहां महिलाओं ने धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई। भगवान को छप्पन भोग लगाया। इस दौरान गीतांजली पांडेय, बबीता सिंह, पिंकी कत्याल, राखी कत्याल, मीनाक्षी शर्मा, रिचा पांडेय, नीलम सिंह, नीलू हांडा, अंशू शर्मा, कनक गुप्ता, मीना पवार, गरिमा पांडेय और अनुराधा पांडेय मौजूद रहीं। पीएचएफ विद्यापीठ में आरव को चुना गया सर्वश्रेष्ठ कान्हा मुरादाबाद। पराग ह्यूमन फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से संचालित पीएचएफ विद्यापीठ में जन्माष्टमी का उत्सव मनाया गया। रंगबिरंगी पोशाक में छोटे-छोटे बच्चों ने राधा एवं कृष्ण का रूप धारण कर सबका मन मोह लिया। आरव को सर्वश्रेष्ठ कान्हा का खिताब दिया गया। बुधवार को बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया। विद्यालय की डायरेक्टर उर्वशी सिंह ने बताया कि विद्यालय में चार प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें सर्वश्रेष्ठ कान्हा का खिताब आरव ने जीता एवं राधा का पुरस्कार अनुष्का ने जीता। बेस्ट मटकी का पुरष्कार यशस्वी को मिला। मुख्य अतिथि नीतू चौधरी ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया। श्री शिव दुर्गा संकट मोचन मंदिर में धूमधाम से मना त्योहारमुरादाबाद,

# सपा सांसद बर्क ने साधा निशाना: भाजपा सरकार में मुस्लिमों पर हो रहा जुल्म, पसमांदा समाज अब बहकावे में नहीं आएगा




मुरादाबाद- संभल के सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क ने कहा कि केंद्र सरकार 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी करने में लगी है। इसलिए लोगों को बहका रही है। अब लोग उसकी चाल को समझ चुके हैं।संभल के सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क ने भाजपा सरकार पर मुसलमानों पर जुल्म करने का आरोप लगाया है। कहा है कि मुसलमान भाजपा के बहकावे में नहीं आएगा। सांसद से सवाल किया गया कि पसमांदा मुसलमान भाजपा से जुड़ रहा है और भाजपा भी अपनी ओर रूझान पैदा कर रही है। इस पर सांसद ने जवाब देते हुए कहा कि पसमांदा मुसलमान अब भाजपा के बहकावे में आने वाले नहीं हैं। इस सरकार में मुसलमानों पर जुल्म हुआ है। इसलिए मुसलमान नहीं जुड़ेंगे। सरकार 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी करने में लगी है। इसलिए बहका रही है। इससे पहले रविवार को उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर कहा था कि यदि इसे लागू किया गया तो देश के हालात खराब होंगे। इसलिए समान नागरिक संहिता को लागू नहीं किया जाए। सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क ने कहा कि हिंदुस्तान में अच्छे हालात पैदा करने की कोशिश नहीं की जा रही है। समान नागरिक संहिता जैसे मामले छेड़ने से कोई लाभ नहीं होगा। सभी धर्मों के तौर तरीके अपने हैं। इसको लागू नहीं होना चाहिए। भूखमरी और बेरोजगारी पर सरकार ने काम नहीं किया। अब लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी है, इसलिए इस तरह के मुद्दे लाए जा रहे हैं। आगे कहा कि मणिपुर के बाद राजस्थान में बेटी को अपमानित किया गया है। इस घटना से इंसानियत शर्मसार हुई है। मणिपुर के मामले पर दुनियाभर में आलोचना हुई थी। अब यह दूसरी घटना सामने आई है। यह घटनाएं भाजपा सरकार की हार का कारण बनेंगी। प्रधानमंत्री ने मणिपुर घटना पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। बेटियों को अपमानित करने से इंसानियत शर्मसार होती है और मुल्क की बदनामी होती है।

# युवती की हत्या कर शव रामगंगा में फेंका, शरीर पर चोट के निशान, दाहिने हाथ की कलाई में लिखा है पीएस



मुरादाबाद- युवती की हत्या कर शव रामंगगा नदी में फेंकने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवती के शरीर पर कई गंभीर चोटें लगी हुई हैं। कुंदरकी थाना क्षेत्र के बाकीपुर के पास रामगंगा नदी में एक युवती का शव बरामद हुआ है। युवती के गले पर चोटों के निशान हैं। जिससे आशंका जताई जा रही है कि हत्या करने के बाद शव फेंका गया है। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। बाकीपुर के ग्रामीण बुधवार शाम करीब चार बजे अपने खेतों पर मौजूद थे। इसी दौरान एक ग्रामीण अपने पशु का पानी पिलाने के लिए उसे रामगंगा नदी में ले गया। तब उसने देखा कि नदी में एक युवती का शव पड़ा है। उसने इसकी जानकारी अन्य ग्रामीणों को दी। तब मौके पर काफी संख्या में लोग जुट गए। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव नदी से बाहर निकलवाया। फोरेंसिक टीम भी मौके पर बुला ली गई। जांच पड़ताल से पता चला कि शव तीन दिन से पुराना प्रतीत हो रहा है। युवती की उम्र 23 से 25 वर्ष के बीच रही होगी। जिसने सफेद रंग की प्रिंटेड टी शर्ट, सफेद रंग की पेंट, सफेद रंग के जूते पहन रखे हैं। उसके दाहिने हाथ की कलाई पर अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में पीएस लिखा है। पुलिस ने मृतका की पहचान कराने के उद्देश्य से बाकीपुर, लालढाय, बाछल भूड़ समेत कई गांवों के ग्रामीण मौक पर बुलाए लेकिन मृतका की पहचान नहीं हो पाई। उसके गले पर चोटों के निशान हैं। जिससे माना जा रहा है कि युवती की हत्या करने के बाद उसकी लाश फेंकी गई है। नदी में पानी का बहाव तेज होने के कारण माना जा रहा है कि लाश दूसरी जगह से भी बहकर आ सकती है। युवती के शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। सूचना पर एसपी देहात संदीप कुमार मीना और सीओ बिलारी डॉ. अनूप सिंह कुंदरकी पहुंच गए। इसके बाद वह बाकीपुर के लिए रवाना हुए तो घटनास्थल से दो किलोमीटर पहले ही गाड़ी रोक दी। रास्ते खराब और जंगल होने के कारण वहां से पैदल ही मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया।

# मुरादाबाद: सपना चौधरी के डांस के बाद बेकाबू हुई थी भीड़, लाठीचार्ज में कई हुए थे चोटिल, मामले की सुनवाई टली



मुरादाबाद- मुरादाबाद में वर्ष 2019 को सपना चौधरी का कार्यक्रम था। इसके खिलाफ स्थानीय निवासी ने केस दर्ज करवाया था। इसकी सुनवाई वकीलों के हड़ताल के कारण नहीं हो सकी। अब अगली तारीख 12 अक्तूबर तय की गई है। वकीलों की हड़ताल के कारण डांसर सपना चौधरी के मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। अदालत ने सुनवाई के लिए 12 अक्तूबर की तारीख तय की है। रामेश्वर दयाल तुरैहा ने कोर्ट में सपना चौधरी के खिलाफ परिवाद दायर किया था। उन्होंने बताया था कि 11 जून 2019 को सपना चौधरी रेलवे स्टेडियम में आईं थीं। सपना चौधरी के डांस के दौरान भीड़ बेकाबू हो गई थी। पुलिस ने लाठीचार्ज किया था जिसमें कई लोग चोटिल हो गए थे। इसके अलावा कई शहरों और गांवों से भी लोग मुरादाबाद पहुंचे थे जिससे शहर में जगह-जगह जाम लग गया था। कार्यक्रम में सरकारी धन का दुरुपयोग भी हुआ था। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद निर्धारित समय के बाद भी डीजे बजाया गया था। इस मामले में सिविल लाइंस और एसएसपी को प्रार्थनापत्र दिया गया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाई थी। तब उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय की अदालत में मुकदमा दायर किया था। वादी के अधिवक्ता ने बताया कि अदालत ने सिविल लाइंस थाने की पुलिस आख्या मांगी थी। पुलिस की ओर से रिपोर्ट दाखिल कर दी गई है। अब मामले में 12 अक्तूबर को बहस होगी।

# सावधान: ट्रेन से गहने चोरी का गढ़ बनता जा रहा मुरादाबाद क्षेत्र, एक माह में लाखों का सामान चोरों ने किया पार




मुरादाबाद- मुरादाबाद जीआरपी इलाके में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इस पर रोक लगाने के लिए अधिकारी कोई ठोस उपाय नहीं कर पा रहे हैं। कई मामलों में आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर हैं। जीआरपी क्षेत्र मुरादाबाद के अंतर्गत ट्रेनों में गहने चोरी होने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। पिछले डेढ़ माह करीब चार तोला सोना और लाखों रुपये कैश चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनकी एफआईआर मुरादाबाद जीआरपी थाने में दर्ज है। इनके साथ पुराने कई मामलों में भी आरोपी अब तक नहीं पकड़े गए हैं। कई ऐसे मामले हैं जिनमें ट्रेन के एसी कोच में केबिन खोलकर यात्रियों के बैग काटकर चोरी की गई है। ज्यादातर घटनाएं रात में यात्रियों के सोने के बाद होती हैं। एक मामले में ट्रेन के कोट अंटेडर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है। झपकी लगते ही सामान चोरी हो जाने की घटनाओं पर अंकुश लागाना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। पिछले दिनों लखनऊ मेल में हुई 40 लाख की बड़ी चोरी का खुलासा करने के बाद मुरादाबाद जीआरपी अब इन मामलों पर काम कर रही है लेकिन अब तक आरोपी पकड़ से दूर हैं। केस-1- 13 अगस्त को अमृतसर-जयनगर क्लोन एक्सप्रेस में शाहगंज निवासी कृष्णा शंकर सफर कर रहे थे। वह ट्रेन एसी-3 कोच में थे। रात करीब 12 बजे उनकी आंख लग गई। आंख खुली तो देखा कि उनकी पत्नी की सोने की चेन, लॉकेट, मंगलसूत्र, पाजेब व 55 हजार रुपये बैग से चोरी हो चुके थे। कोच अटेंडर वहीं आसपास बार बार चक्कर लगा रहे थे। यात्री को उन पर शक हुआ तो दोनों के खिलाफ जीआरपी में रिपोर्ट दर्ज कराई।केस-2- आट अगस्त को कौशल किशोर हिमगिरी एक्सप्रेस के एसी-3 कोच में सफर कर रहे थे। वह अंबाला से ट्रेन में बैठे थे। मुरादाबाद जीआरपी थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक ट्रेन में यात्री को गले की चेन, एक मंगलसूत्र, एक अंगूठी, एक जोड़ी कुंडल, एक चत्मन चोरी हो गए। जब चोरी हुई तो देर रात का समय था और वह सो रहे थे। मुरादाबाद पहुंचकर उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई। केस-3- 13 जुलाई को लखनऊ मेल एक्सप्रेस में मोहम्मद अशफाक अपनी पत्नी के साथ स्लीपर कोच में सफर कर रहे थे। रात में दो लोग आकर उनका बैग खींचकर भागे और चलती ट्रेन से कूद गए। यह देख उनकी पत्नी बेहोश हो गईं। बैग में सोने का लॉकेट, चांदी की पायल व 15 हजार रुपये थे। उस समय ट्रेन मुरादाबाद स्टेशन के पास थी। केस-4- सात जुलाई को कोटा राजस्थान निवासी रिचा विजय अपने पति के साथ देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस में सफर कर रही थीं। उनका रिजर्वेशन ट्रेन के एसी-3 कोच में था। सुबह चार बजे ट्रेन मुरादाबाद स्टेशन के नजदीक थी। उसी समय किसी ने उनका पर्स चोरी कर लिया। पर्स में सोने के कुंडल, मोबाइल व नकदी थी। इस मामले में नौ अगस्त जीआरपी मुरादाबाद में रिपोर्ट दर्ज हुई है। चोरी के ज्यादातर मामले ऐसे हैं, जिनमें जब यात्री की आंख खुली तो वह मुरादाबाद स्टेशन के नजदीक थे। ऐसे मामलों में घटनास्थल मुरादाबाद क्षेत्र ही दर्ज हो गया। कुछ स्टेशनों पर चोरी की घटनाओं के खुलासे भी किए गए हैं। हमारी टीम गहने चोरी के मामलों के खुलासे पर काम कर रही है। - देवी दयाल, सीओ जीआरपी

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## नायब तहसीलदार बोले साक्ष्य व गवाहों के आधार पर की गई वरासत, दवाब बना रहे दलाल

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्शी



फर्रुखाबाद -कायमगंज फर्रुखाबाद गांव लालबाग के रहने वाले सद्दाम खां ने डीएम से पत्र में शिकायत की थी की नायब तहसीलदार सनी कनौजिया ने बैक डेट में वरासत का आदेश पारित कर दिया इसको लेकर तहसील प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है आखिरकार यह पूरा मामला क्या है यह पहले ये जान लेते है नगर के मोहल्ला पृथ्वीदरवाजा जटवारा रोड के रहने वाले असलम खां का इंतकाल कोरोना काल में हुआ था एक महिला ने असलम खां की वरासत के लिए राजस्व संहिता की धारा 34 के तहत तहसीलदार न्यायालय में वाद दायर किया था इस पर मृतक के भाई अजमल खां व अंसर नवाज खां ने आपत्ति दर्ज की उसके बाद यह वाद तहसीलदार कोर्ट से नायब तहसीलदार कोर्ट में सुनवाई के लिए स्थानांतरित कर दिया गया वाद आदेश के लिए 2 सितंबर को नियत कर दिया गया और फैसला मृतक के भाइयों अजमल खां व अंसर खां के पक्ष में हुआ फैसले के बाद अचानक सद्दाम नाम का एक व्यक्ति सामने आया और उसने डीएम को शिकायत कर नायब तहसीलदार सनी कनौजिया पर बैक डेट में आदेश का आरोप लगा दिया सवाल आपके ऊपर आरोप है वरासत का आदेश ट्रांसफर होने के बाद किया उत्तर समाधान दिवस खत्म होने के बाद सवा तीन बजे ही आदेश किया गया था मेरे ट्रांसफर का मैसेज रात्रि 8 बजकर 20 मिनट पर आया आरोप गलत है सवाल वरासत का आदेश का आधार क्या था उत्तर लेखपाल की रिपोर्ट ग्राम प्रधान का वयान दो सभासदों का वयान एक महिला जो 35 साल से इन लोगो के यहां कार्य कर रही थी मौके पर निरीक्षण किया गांव में खुली बैठक की दूसरे पक्ष को भी नोटिस रजिस्ट्री डाक भेजी गई सवाल इस प्रकरण में कोई रुपए लेनदेन का मामला हुआ उत्तर यह आरोप लगत है दलाल लोग पहले भी दवाब बना चुके है अब भी हमे बेबजह बदनाम कर रहे है सवाल रेखा असलम के दिए साक्ष्यों के बारे में क्या कहना है उत्तर रेखा असलम ने वाद के दौरान कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए तीन बार नोटिस भेजने के बाद भी न्यायालय में नहीं आए रेखा के अधिवक्ता के यह पूछे जाने पर क्या कभी आपने रेखा को देखा तो उन्होंने इस बात से इनकार कर दिया

## तहसीलदार ने पुलिस की उपस्थिति में अतिक्रमण हटाने चलाया बुलडोजर



क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- ग्राम पंचायत बिहरपुर में तहसीलदार संजय शर्मा के नेतृत्व में कब्जा हटाने आज बुलडोजर का सहारा लिया गया। ग्राम बिहारपुर के बिहारपर रासोकी मार्ग स्थित दारू भट्टी के के पास शासकीय भूमि पर अवैध तरीके से बन रहे निर्माणाधीन मकान को राजू गुप्ता पिता शिव बालक गुप्ता निर्पेंद्र गुप्ता पिता गजानंद गुप्ता एवं चारागाह के पास राजेंद्र सिंह के निर्माण दिन अहता को जेसीबी से तोड़ा गया वही छह अन्य ग्रामीणों को क्रमश: सावरेन पंडो आत्मज राम मनोहर देवी साहू आत्मज रामलगन साहू, शत्रुघ्न रवानी आत्मज रामसेवक रवानी, रमेश रवानी आत्माज संत राम रवानी, विशेषर साहू आत्मज रामलगन साहू, लाल बहादुर आत्मज राम प्यारे यादव को अवैध तरीके से बने हुए मकान को हटाने एवं नोटिस देने की बात लेकर कार्यवाही की गई इस कार्रवाई में तहसीलदार संजय शर्मा चांदनी थाना पुलिस टीम एवं हल्का पटवारी भारत राम पैकरा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे

## सरकारी स्कूल से 1652 kg अफीम बरामद, सशस्त्र सीमा बल की बड़ी कार्रवाई

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी



गया जिला के इमामगंज प्रखंड के कोठी थाना क्षेत्र के बेंगादोहर से जहा शिक्षा के मंदिर सरकारी स्कूल में 1652 अफीम का भूसा बरामद किया गया है।ये बड़ी करवाई सशस्त्र सीमा बल 29 वी वाहिनी के कमांडेंट एच के गुप्ता के दिशानिर्देश पर की गई है। जिसमे गुप्त सूचना के आधार पर सलैया के सहायक सेनानायक एस आर कृष्णन के साथ डुमरिया कैंप के इंस्पेक्टर राकेश कुमार व कोठी थाना की पुलिस ने संयुक्त रूप से करवाई करते हुए अपने जवानों के साथ जाकर सरकारी विद्यालय में छापा मारा। विद्यालय का नाम प्रथिमिक विद्यालय बेंगादोहर है। जिसके प्रधानध्यापक का नाम अशोक कुमार है। बताया जा रहा है कि प्रधान अध्यापक अशोक कुमार का भाई अनुरोध कुमार ने ही अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र छकरबंधा जंगल से भारी मात्रा में अफीम का भूसा लाकर स्कूल में रखा था। इतनी बड़ी कार्रवाई करने के लिए सशस्त्र सीमा बल 29वीं वाहिनी के सहायक सेनानायक् एच आर कृष्णन अपने दल बल के साथ गुप्त सूचना के आधार पर अगले सुबह स्कूल में छापेमारी कर इसे बरामद कर लिया।सर्वप्रथम घटनास्थल पर पहुंचने के बाद श्री कृष्णन ने खोजबीन शुरू किया तो उन्होंने देखा की सकूल के नव निर्मित भवन के एक कमरा में 60 बोरे थे जिसमें लगभग 1652 ग्राद अफीम का भूसा रखा हुआ है। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को सूचना दिया तो अशोक कुमार ने कहा की वो किसी जरूरी कार्य से गया जिला गए हैं। उसके बाद प्रधानाचार्य अशोक कुमार के पिता शिवनदन पासवान को बुलाकर एसएसबी साहायक सेननायक एस आर कृष्णन ने पूछताछ किया और नव निर्मित सरकारी विद्यालय में बंद अफ़ीम के भूसा वाले रूम को खुलवाया । जहा भारी मात्रा अफीम का भूसा मिला। पूछताछ में प्रधानध्यापक अशोक के पिता ने बताया की मेरा बेटा अनुरोध कुमार छकरबंधा से ट्रैक्टर द्वारा अफीम का भूसा लाया करता था।जिसे सरकारी विद्यालय के नव निर्मित भवन में लाकर रखता था। हालाकि पुलिस ने प्रधानध्यापक अशोक कुमार के पिता शिवनंदन पासवान को गिरफ्तार कर लिया है।आगे की कारवाई की जा रही है।इस के हर पहलू पर पुलिस जांच कर रही है। अनुमान है की जो प्रधानशिक्षक है उसका भाई इसी अफ़ीम का कारोबार करता है,और उसी के भाई अशोक कुमार ने प्रथिमिक विद्यालय बेंगादोहर का प्रधान शिक्षक है। इसके साथ स्कूल की हालात देख कर ये प्रतीत होता है की बच्चो के पढ़ाई लिखाई एवम रहने की व्यव्स्था को लेकर स्कूल की हालात बिल्कुल जर्जर है। जानकारी के लिए बता दे की संयुक्त कारवाई में सशस्त्र सीमा बल 29 वी वाहिनी सलैया कैंप के सहायक सेनानायक एस आर कृष्णन की सबसे बड़ी भूमिका रही। आपको बता दें कि सशस्त्र सीमा बल 29वीं वाहिनी के जवानों की सक्रियता से क्षेत्र में अपराधी एवं नक्सली गतिविधि में भारी कमी आई है। सशस्त्र सीमा बल 29वीं वाहिनी के कमांडेंट हरे कृष्णा गुप्ता के दिशा निर्देश पर नक्सलियों के गतिविधि को रोकने एवं उन्हें उखाड़ फेंकने के लिए कई अलग-अलग तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं। हालाकि सशस्त्र सीमा बल और पुलिस की यह सबसे बड़ी सफलता मानी जा रही है।फिलहाल कोठी थाना की पुलिस ने प्रधान शिक्षक के पिता को गिरफतार कर लिया है और सभी अफ़ीम के भूसा को बरामद कर लेकर चली गई है। इस अभियान में सशस्त्र सीमा बल सलैया एवं डुमरिया कैंप तथा कोठी थाना की पुलिस सहित इमामगंज के अंचल अधिकारी शामिल थे। हालाकि इसे जुड़े हर व्यक्ति एवम बिंदु को पुलिस खोजबीन कर रही है।आगे भी कई बड़े खुलासा होने की संभावना है।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, पंजाब का तेज़ी से बढ़ता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर, विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

## मिर्ची का कुकिंग महासंग्राम के ग्रांड फिनाले पर प्रतियोगियों ने एक से बडकर एक व्यंजन बनाए

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी - बुंदेलखंडी व्यंजनों को बड़वा देने हेतु रेडियो मिर्ची द्वारा आयोजित प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी लगातार एक महीने से अधिक समय तक चलने वाले मिर्ची कुकिंग का महासंग्राम में झांसी के विभिन्न क्षेत्रों से जिसमें गणेश विहार, झांसी होम्स, रॉयल सिटी, विजन हाइट्स, अंशल पाल्म कोर्ट्स एवं अन्य जगहों सैकड़ों महिलाओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभा किया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ व्यंजन बनाने वाली महिलाओं को चयनित किया गया। मिर्ची का कुकिंग महासंग्राम का ग्रांड फिनाले स्टेशन रोड स्थित एक होटल में आयोजित हुआ। सर्वप्रथम ग्रांड फिनाले पर कार्यक्रम के एसोसिएट पार्टनर एवं मुख्य अतिथि संघर्ष सेवा समिति अध्यक्ष सपना संदीप सरावगी का कार्यक्रम के आयोजक द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात मिर्ची का कुकिंग महासंग्राम के ग्रैंड फिनाले में 15 प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया। ग्रांड फिनाले पर प्रतियोगियों द्वारा बुंदेली व्यंजन, गुजराती व्यंजन, राजस्थानी व्यंजन, पंजाबी व्यंजन जैसे अनेकों व्यंजन बनाए गए। प्रतियोगियों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का सपना संदीप सरावगी एवं रचना कुदरिया संचालक ( कलर्स ब्यूटी पार्लर ) द्वारा व्यंजन बनाने का तरीका एवं व्यंजनों का स्वाद चखकर जमकर तारीफ की। मिर्ची कुकिंग का महासंग्राम का खिताब जीतने वाली स्मिता अग्रवाल, द्वितीय पुरूस्कार शालिनी मोदी, तृतीय पुरूस्कार रेशु भटनागर को मिला। विजेताओं को सपना संदीप सरावगी ने पुष्पगुच्छ, ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सपना संदीप सरावगी ने रेडियो मिर्ची का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे इस मंच का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है, बड़े ही प्यार से घर में खाना पकाकर अपने परिवार का दिल खुश कर देने वाली महिलाओं ने जब किचन से बाहर अपने हुनर को लेकर निकलीं, तब उन्हें अहसास हुआ कि उनका हुनर सिर्फ उनके घर तक ही सीमित नहीं है। वे अपने इस शौक और कला से दुनिया का भी दिल जीत सकती हैं। जो महिलाओं में घरेलू रसोइयों की अविश्वसनीय प्रतिभा को सक्षम कर रहा है। हमारे बुंदेलखंड में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, इस तरह के आयोजनों से महिलाओं में आत्मविश्वास आता है। इस अवसर रेडियो मिर्ची के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नरेंद्र कुशवाहा मित्र मंडल ने पंडित कन्हैयालाल शर्मा का किया स्वागत

क्यूँ न लिखूँ सच
दिनेश परमार



आष्टा नगर में भव्य मानस सम्मेलन होने जा रहा दिनांक 25 दिसंबर से 31 दिसंबर को संपन्न होने जा रहा यह धार्मिक आयोजन के अध्यक्ष पंडित श्री कन्हैया लाल शर्मा जी को बनाने पर कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने अपने मित्रों के साथ पुष्पमाला एवं साफा बांधकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया एवं अग्रिम बधाई शुभकामनाएं इस अवसर पर जिला कुशवाह समाज युवा अध्यक्ष रवि कुशवाह ,कुशवाहा समाज पटेल दलकिशोर कुशवाहा, पूर्व पटेल किशोरी लाल कुशवाह ,प्रकाश कुशवाहा ( मामा ), स्वर्णकार समाज पूर्व अध्यक्ष सुभाष सांवरिया सोनी, सुरेश कुशवाहा ( शिक्षक ), कार्यालय प्रभारी अमरचंद कुशवाहा, जिला कुशवाहा समाज उपाध्यक्ष गोपाल कुशवाहा , नरेंद्र पोरवाल, निखिल कुशवाह, लखन सेन ,भागीरथ कुशवाहा, विनोद जायसवाल, कालू सोनी , मुकेश आर्य, मां पार्वती गौशाला कोषाध्यक्ष संजय सुराणा, सुनील कचनेरिया एडवोकेट, राहुल कुशवाह, समस्त मित्र मंडल ने बधाइयां शुभकामना देते हुए पंडित श्री शर्मा का भव्य स्वागत किया

## जी-20 शिखर सम्मेलन से देश के व्यापार में बड़ी वृद्धि होने की उम्मीद ( कैट )

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी

जबलपुर- जी-20 शिखर सम्मेलन, जो कि नई दिल्ली में आयोजित होने वाला अपनी तरह का अनोखा अंतर्राष्ट्रीय आयोजन है, भारतीय व्यापार के लिए कई बेहतर रास्ते खोलेगा

